भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2365

दिनांक 13 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

हरियाणा में विद्युत आपूर्ति

2365. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 24x7 विद्युत आपूर्ति का प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित, हरियाणा के किन-किन जिलों में 24x7 विद्युत आपूर्ति की जा रही है;

(ग) उक्त जिलों के उन ग्रामीण क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां सबसे कम विद्युत आपूर्ति की जाती है; और

(घ) सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित हरियाणा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : विद्युत (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 के नियम 10 में वितरण लाइसेंसधारियों को कृषि जैसी विशिष्ट श्रेणियों को छोड़कर, जहां विद्युत विनियामक आयोग कम आपूर्ति घंटों की अनुमति दे सकता है, सभी उपभोक्ताओं को 24x7 विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है, चाहे वे ग्रामीण क्षेत्रों में हों या शहरी क्षेत्रों में।

(ख), (ग) और (घ) : हरियाणा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनीपत जिले और जींद जिले के कुछ हिस्से वाले सोनीपत संसदीय क्षेत्र सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आपूर्तित विद्युत का जिले-वार विवरण **अनुबंध** पर है:

लो.स.अतारां.प्र.सं. 2365

अनुबंध

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए यूएचबीवीएन एवं डीएचबीवीएन (हरियाणा) की ग्रामीण घरेलू (आरडीएस) और शहरी आपूर्ति श्रेणी के लिए घंटे (फरवरी-25 तक)

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएनएल)			**दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएनएल)**		
मंडल/जिले	**आरडीएस (एचएच:एमएम)**	**शहरी (एचएच:एमएम)**	**मंडल**	**आरडीएस (एचएच:एमएम)**	**शहरी (एचएच:एमएम)**
पंचकुला	23:01	23:47	फरीदाबाद	22:17	23:27
अम्बाला	22:51	23:35	पलवल (पलवल और नूह जिला)	19:25	23:11
कुरूक्षेत्र	22:58	23:35	गुरूग्राम-I और गुरूग्राम-II (गुरूग्राम जिला)	23:19	23:37
कैथल	22:40	23:35		22:50	23:50
यमुनानगर	22:54	23:29	नारनौल (महेन्द्रगढ़ जिला)	19:30	23:27
करनाल	22:58	23:41	रेवाड़ी	23:17	23:31
पानीपत	22:35	23:21	भिवानी (भिवानी और चरखी दादरी जिला)	19:36	23:33
सोनीपत	21:29	23:24	हिसार	19:18	23:54
रोहतक	20:22	23:32	फ़तेहाबाद	19:05	23:20
झज्जर	20:41	23:29	सिरसा	22:51	23:34
			जींद	19:10	23:29
औसत	**22:15**	**23:33**	**औसत**	**20:58**	**23:32**

शहरी क्षेत्रों के लिए नोट: शहरी क्षेत्र में आपूर्ति का समय 24 घंटे है। तथापि रखरखाव, ब्रेकडाउन को ठीक करने और संवर्धन कार्य करने के लिए प्राप्त परमिट के कारण तालिका में दिए गए वास्तविक आपूर्ति घंटे थोड़े कम हैं।

****